पत्र संख्या-कम्प्यूटर-मिशन मोड प्रोजेक्ट-(2010-2011)/ 1115 / वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर, वाणिज्यकर, उत्तर प्रदेश
(आई0टी0-अनुभाग)
दिनॉक // लखनऊ // मार्च, 28 2011

समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर, वाणिज्यकर उत्तर प्रदेश।
समस्त ज्वाइंट कमिश्नर (कार्यपालक), वाणिज्यकर उत्तर प्रदेश।

आप अवगत हैं कि विभाग द्वारा मिशन मोड प्रोजेक्ट के अन्तर्गत विभाग का वृहदरुप से कम्प्यूटराइजेशन किया जा रहा है। जिसमें विभागीय कम्प्यूटर प्रणाली को केन्द्रीयकृत मोड में परिवर्तित करने का कार्य प्रमुख है। इस कार्य के अन्तर्गत प्रमुख रूप से निम्न व्यवस्थाए की जा रही है :-

1- योजना भवन लखनऊ में विभागीय डेटा सेंटर का निर्माण।

2- विभाग के समस्त कार्यालयों को BSNL की लीज लाइन के माध्यम से उक्त डेटा सेन्टर से जोड़ा जाना।

3- सभी कार्यालयों के कार्यालय में कम्प्यूटरों को LAN से जोड़ा जाना।

2- कार्यालयों को लीज लाइन के माध्यम से केन्द्रीयकृत डेटा सेन्टर से जोड़ने के लिए समस्त कार्यालयों के पते तथा अधिकारियों के नाम इत्यादि की सूची कार्यदायी संस्था NICSI के माध्यम से BSNL को प्राप्त करायी जा चुकी है जो Annexure- 1 के रूप में इस पत्र के साथ संलग्न है। यदि इस सूची में किसी प्रकार के संशोधन की आवश्यकता है तो कृपया इसकी सूचना दिनॉक 04.04.2011 तक अवश्य प्रेषित करने का कष्ट करें ताकि NICSI एवं BSNL को तदनुसार अवगत कराया जा सके।

3- विभागीय कार्यालयों में उपलब्ध लोकल एरिया नेटवर्किंग (LAN) तथा इन्टरनेट कनेक्टिविटी की स्थिति के ऑकलन हेतु प्रत्येक जिले में तैनात जिला सूचना विज्ञान अधिकारी एवं समस्त ई-चैम्पियन को दिनांक 04-03-2011 को ई-मेल भेजा जा चुका है जिसकी प्रति Annexure- 2 के रूप में इस पत्र के साथ संलग्न है। प्रत्येक जनपद के डिप्टी कमिश्नर (प्रशासन)/ असिस्टेंट कमिश्नर (ए) का यह उत्तरदायित्व होगा कि वह N.I.C. के जिला सूचना विज्ञान अधिकारी से सम्पर्क कर LAN के ऑकलन सम्बन्धी कार्य को प्रत्येक दशा में दिनांक 05-04-2011 तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

4- कार्यालयों में पर्याप्त कम्प्यूटर उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से समस्त खण्ड कार्यालयों एवं अन्य कार्यालयों के कार्यो की प्रकृति के अनुरुप आवश्यक संख्या में उपयुक्त configuration के डेस्कटाप / प्रिन्टर / यू0पी0एस0 उपलब्ध कराये जा रहे है जिनकी आपूर्ति NICSI द्वारा मई-2011 के प्रथम सप्ताह से प्रारम्भ हो जायेगी। इन उपकरणों का कार्यालयवार आवंटन एवं आपूर्ति किये जा रहे उपकरणों के configuration, make एवं model का विवरण संलग्न Annexure- 3 में अंकित है। इन उपकरणों की आपूर्ति एवं installation का कार्य कार्यदायी संस्था NICSI द्वारा ही किया जाना है। अत: प्रत्येक जनपद के डिप्टी कमिश्नर (प्रशासन)/ असिस्टेंट कमिश्नर (ए) का यह दायित्व होगा कि वह इन उपकरणों के installation के लिए उपयुक्त स्थान को पहले से ही चिन्हित कर यह सुनिश्चित कर लें कि वहॉ पर आवश्यक Power Connection एवं LAN Connection उपलब्ध है तथा अर्थिंग का कार्य पूर्ण है। यह कार्य दिनांक 30-04-2011 तक प्रत्येक दशा में पूर्ण कर लिया जाय।

5- उपकरणों की प्राप्ति व installation हो जाने पर सम्बन्धित जिले के डिप्टी कमिश्नर (प्रशासन)/ असिस्टेंट कमिश्नर (ए) आपूर्तित उपकरणों की जॉच जोन के असिस्टेंट प्रोग्रामर के सहयोग से कराते

हुए यह सुनिश्चित करेगें कि आपूर्तित उपकरण Annexure - 3 में अंकित configuration, make एवं model के है। उपकरणों की आपूर्ति एवं installation का कार्य पूर्ण होने पर उपकरणों की नियमानुसार स्टाक रजिस्टर में प्रविष्ट करते हुए निम्नलिखित प्रारुप में सूचना तत्काल मुख्यालय प्रेषित की जायेगी।

क्रम संख्या	जोन का नाम	उपकरण का नाम	आवंटित उपकरण की संख्या	आपूर्तित उपकरण की संख्या	यदि आवंटित उपकरणों से कम संख्या में उपकरण प्राप्त हुए है तो उसका कारण
1	2	3	4	5	6

यदि कम्प्यूटर उपकरण के configuration, make & model में किसी प्रकार की विसंगति हो तो तत्काल इसकी सूचना e-mail द्वारा upct_comp@rediffmail.com पर मुख्यालय उपलब्ध करायी जायेगी।

6- BSNL द्वारा की जा रही connectivity एवं NICSI द्वारा हार्डवेयर व सहवर्ती उपकरणों की आपूर्ति तथा installation से सम्बन्धित समस्त कार्यवाहियों में स्थानीय ई-चैम्पियन जनपद के डिप्टी कमिश्नर (प्रशासन)/ असिस्टेंट कमिश्नर (ए) को सहयोग प्रदान करेगें। साथ ही सम्भाग के ज्वाइंट कमिश्नर (कार्यपालक) का नोडल अधिकारी के रूप में यह सुनिश्चित करने का दायित्व होगा कि उक्त समस्त कार्यवाहियाँ समय से व सही तरीके से पूरी हो गयी है।

संलग्नक:-उपरोक्तानुसार।

24/3/11

(चन्द्रभानु)
कमिश्नर, वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।